हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 21 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 28 .4 डिग्री

11 दलित संगठनों ने लघु सचिवालय पर किया प्रदर्शन


12 लोकहित मंच का दिव्यांग जांच एवं चयन कैंप 13 को


### हकृवि के आंदोलनकारी छात्रों ने रक्त से लिखा राष्ट्रपति को पत्र

# विश्वविद्यालय के छात्रों की समस्याओं का करेंगे समाधान : सीएम सैनी

राष्ट्रपति से न्यायिक जांच, आरोपियों की बर्खास्तगी और छात्रवृत्ति की बहाली जैसी मांगों को दोहराया

मांगों को लेकर चल रहा छात्र आंदोलन शुक्रवार को 11वें दिन भी जारी

युवाओं को कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी : नायब

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अपनी मांगों को लेकर चल रहा छात्र आंदोलन शुक्रवार को 11वें दिन भी जारी रहा।

आंदोलनकारी छात्रों ने अपने रक्त से राष्ट्रपति को पत्र लिखा। पत्र में छात्रों ने 10 जून को विश्वविद्यालय प्रशासन और निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा किए गए लाठीचार्ज का ज़िक्र करते हुए लिखा कि यह हमला न केवल उनके शरीर पर था, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकारों पर सीधा प्रहार था। छात्रों ने राष्ट्रपति से न्यायिक जांच, आरोपियों की बर्खास्तगी और छात्रवृत्ति की बहाली जैसी मांगों को दोहराया और कहा कि जब संवैधानिक संस्थानों से न्याय की उम्मीद हो, तब ही लोकतंत्र जीवित रह सकता है। उधर, लाठीचार्ज में घायल चक्षु और दीपांशु शुक्रवार को धरनास्थल पर पहुंचे और पत्रकारों से बातचीत में कुलपति के इस्तीफ़े की मांग दोहराई गई। इस दौरान छात्र दीपांशु और चक्षु ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। आंदोलनकारी छात्रों ने शाम को शहर में मार्च भी निकाला।



हिसार। धरने पर बैठे विद्यार्थी व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

#### मुख्यमंत्री के निर्देशों पर कमेटी का गठन

पिछले कुछ दिनों से चल रहे छात्र आंदोलन का हल निकालने के लिए सरकार ने चार सदस्यों की कमेटी गठित की गई। यह कमेटी छात्रों व विश्वविद्यालय प्रशासन से बातचीत करके विवाद का समाधान करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को यह कमेटी गठित करने के संकेत दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों से बात करने के लिए कमेटी गठित की गई है। कमेटी में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी और नलवा से विधायक रणधीर पनिहार को शामिल किया गया है। यह चार सदस्यीय कमेटी छात्रों से संवाद करके विवाद का हल निकालने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार हर मोर्चे पर युवाओं और छात्रों के साथ है। युवाओं को कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी।

#### *हकृवि में परीक्षाएं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न*

*हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक एवं कोर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजबीर गर्ग ने आंदोलनरत विद्यार्थियों से एक बार पुनः अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी परीक्षाएं और पढ़ाई को प्राथमिकता दें। स्ट्राइक के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग हैं। डॉ. राजबीर गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार अपनी जिद को छोड़कर बातचीत के लिए टेबल पर आने का अनुरोध किया जा रहा है ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं। शुक्रवार को 193 विद्यार्थियों ने अपनी परीक्षा दी। परीक्षा देना छात्रों का मौलिक अधिकार है।*

#### हौटा ने की विद्यार्थियों से बातचीत के लिए आगे आने की अपील

हकृवि शिक्षक संघ (हौटा) के प्रधान डॉ. अशोक कुमार गोदारा, पूर्व प्रधान डॉ. अमरजीत कालड़ा, डॉ. अनिल यादव, डॉ. प्रदीप चहल तथा डॉ. करमल मलिक ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की सभी मांगे मान लेने के उपरांत विद्यार्थियों को आंदोलन का रास्ता छोड़कर अपनी पढ़ाई की तरफ ध्यान देने का अनुरोध किया है। हौटा के प्रधान डॉ. अशोक गोदारा एवं अन्य सभी पूर्व प्रधान स्टूडेंट स्ट्राइक को लेकर विश्वविद्यालय में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति सहित सभी मांगे मान ली गई हैं। इसलिए अब विद्यार्थियों को परीक्षाओं, सेमिनार और पढ़ाई की तरफ ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने स्वार्थों को लेकर स्टूडेंट स्ट्राइक को राजनीतिक रंग देने में लगे हुए हैं।



हिसार। लैरिश को सम्मानित करती विधायक सावित्री जिंदल। फोटो : हरिभूमि

## हिसार की बेटी लैरिशा गोयल ने रचा इतिहास

- जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 59 हासिल की
- विधायक सावित्री जिंदल ने किया छात्रा को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा की धरती से एक और नक्षत्र उभरकर आया है। लैरिशा गोयल नाम की इस प्रतिभाशाली बेटी ने जेईई एडवांस्ड 2025 में ऑल इंडिया रैंक 59 हासिल कर न केवल अपने परिवार और शहर का, बल्कि पूरे प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है।

विशेष बात यह है कि लैरिशा आईआईटी दिल्ली जोन और पूरे हरियाणा में लड़कियों में प्रथम स्थान पर रही है। इस अवसर पर हिसार की विधायक सावित्री जिंदल ने लैरिशा को विशेष रूप से सम्मानित किया और कहा कि लैरिशा ने बेटियों की ताक़त को एक बार फिर सिद्ध कर दिखाया है। यह उपलब्धि सिर्फ़ उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा की है। वह आने वाली पीढ़ी की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। हम सभी को उन पर गर्व है। गौरतलब है कि लैरिशा ने इससे पहले जॉर्जिया में आयोजित यूरोपियन लड़कियों की गणितीय ओलंपियाड 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वहां उन्होंने कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को गौरवान्वित किया। अर्बन एस्टेट में रहने वाली लैरिशा के पिता प्रवीन गोयल आईटी विभाग में कार्यरत हैं, वहीं उनकी माता सरिता गोयल शिक्षिका हैं। लैरिशा का सपना है कि वह आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में बी.टेक करे और साथ ही गणितीय अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में भी अग्रसर रहे। अपने दादा-दादी, माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से वह अपने सपनों को पंख दे रही है।

यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि यह दिखाती है कि यदि प्रतिभा को सही दिशा, अवसर और समर्थन मिले, तो कोई भी ऊँचाई पाना असंभव नहीं।

### खबर संक्षेप

#### घर से सामान चोरी के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने घर से सामान चोरी के एक मामले में दूसरे नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही जितेन्द्र ने बताया कि मंडी उकलाना निवासी महिला सुषमा ने शिकायत दी थी कि 14 मई को वह अपने पति के साथ दुकान गई हुई थी। इसी दौरान गांव उकलाना निवासी मोनू और बिट्टू ने उसके घर में रखे ड्रम से सामान और एक पंखा चोरी कर लिया।

#### चोरी की तीन बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी जींद जिले के गांव झमोला बलकार उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने न्यू सुभाष कालोनी निवासी स्थित मंगलम अस्पताल के सामने से एक मोटरसाइकिल, रेलवे स्टेशन रोहतक से दूसरा व कैथल से तीसरा मोटरसाइकिल चोरी किया था। पुलिस ने वाहनों की चैकिंग के दौरान आरोपी को चोरी के बाइक सहित गिरफ्तार किया।

#### बेसहारा पशुओं को भेजा गौ-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा शुक्रवार को बढवाली ढाणी, 12 क्वार्टर रोड़, शांति नगर, विवके नगर के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया।

#### कैंट के सामने मार्केट से अतिक्रमण हटाया

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के निर्देशानुसार शहर से अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। शुक्रवार को तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में बस स्टैंड से की गई। इसके बाद टीम ने आजाद नगर रोड से अतिक्रमण हटाने की शुरूआत की गई। इसके बाद टीम ने तोशाम रोड साउथ बाईपास से तक अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ ही टीम ने कैंट के सामने बनी मार्केट से अतिक्रमण हटाया।

#### चिड़ौद में ग्वार फसल पर प्रशिक्षण शिविर लगाया

**हिसार।** खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में ग्वार की अधिक बिजाई करके तथा उत्पादकता बढ़ाने के मकसद से जिले के गांव चिड़ोद में ग्वार फसल पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को सही समय पर बिजाई, बीजोपचार, संतुलित खाद का प्रयोग व अनावश्यक खरपतवारनाशक दवाई के प्रयोग न करने पर जानकारी दी गई।

## पीजी कोर्सों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

- अब 26 जून तक आवेदन कर सकते हैं विद्यार्थी : बिश्नोई
- अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की मांग पर लिया गया निर्णय : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

विद्यार्थियों तथा अभिभावकों की मांग पर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 26 जून तक पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि तकनीकी व अन्य कारणों के चलते बहुत से इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन करने से वंचित रह गए हैं। इसलिए विश्वविद्यालय ने पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। कुलपति ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का अंतिम सेमेस्टर/वर्ष का परीक्षा परिणाम अभी लंबित है, ऐसे उम्मीदवार भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित कॉलम में ये उम्मीदवार रिजल्ट अवेटिड भर सकते हैं।

ये उम्मीदवार काउंसलिंग की तिथि को अपने उत्तीर्ण प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। फिर भी यदि परिणाम घोषित नहीं होता है तथा किसी कोर्स में सीटें खाली रह जाती हैं, तो काउंसलिंग की तिथि को उनका दाखिला कर दिया जाएगा। इस संबंध में इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पब्लिक हेल्थ कर्मचारी करेंगे उपमंडल अभियंता का घेराव

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की बैठक मॉडल टाऊन स्थित संगठन कार्यालय में शाखा अध्यक्ष सुरेश लांबा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक का संचालन शाखा सचिव संदीप कुमार ने किया। बैठक में उपमंडल अभियंता जसबीर पंघाल के कथित मनमानी के खिलाफ दिए गए धरना प्रदर्शन के नोटिस पर चर्चा की गई। शाखा अध्यक्ष सुरेश लांबा व सचिव संदीप कुमार ने बताया कि संगठन द्वारा कई बार उपमंडल अभियंता को कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मौखिक व लिखित रूप से अवगत करवाया जा चुका है। हर बार समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन देकर संगठन को गुमराह करने का प्रयास किया गया। उपमंडल अभियंता के रवैये को देखते हुए संगठन ने निर्णय लिया है कि 24 जून को उपमंडल अभियंता जहां भी मिलेंगे वहीं पर उनका घेराव किया जाएगा।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत कबड्डी प्रतियोगिता

# घिराय के लड़कों ने जीती कबड्डी स्पर्धा

- लड़कियों में निर्मल स्पोर्टस एकेडमी की टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान व खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को गांव घिराय में नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। कम्युनिटी पुलिसिंग के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में गांव घिराय, सुलखनी, राजली व खानपुर गांव की 4 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गांव घिराय, निर्मल स्पोर्टस एकेडमी व पंघाल स्पोर्ट्स एकेडमी की लड़कियों की टीमों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल मैच में घिराय व राजली तथा सुलखनी व खानपुर की टीमों के बीच हुआ तथा फाइनल मुकाबला घिराय और खानपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें घिराय की टीम ने खानपुर गांव की टीम को 35-31 से हराकर जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। लड़कियों के फाइनल मुकाबला घिराय व निर्मल स्पोर्टस एकेडमी टीम के बीच हुआ जिसमें निर्मल स्पोर्टस एकेडमी ने घिराय की टीम को 28-26 से हराकर जीत हासिल की। पुलिस की ओर से विजेता टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएसआई दीपक कुमार ने ग्रामीणों, खिलाड़ियों और युवाओं को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए नाबालिगों को चलाने के लिए वाहन ना देने तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आपके आसपास या गांव में नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ जागरूक रहने और अपने गांव को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई।





पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।



धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो, पृथ्वी पर दिन महज छह घंटे के लिए होगा।

# सीसीसी कोर्स करने के मिलते हैं अनेक फायदे



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन



आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रैशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नजर आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

### बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास सभी क्षेत्रों में इसकी जरूरत

# एमबीए के बाद मिलते हैं कई अच्छी सैलरी वाली नौकरियों के अवसर, बनेगा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

अगर आप नौकरी की सुरक्षा, करियर में उन्नति, बेहतर अवसर और कई अतिरिक्त भत्तों की तलाश में हैं तो एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकती है। एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा, रेलवे, शहरी विकास और आवास विभाग आदि कई अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। आरबीआई, एसबीआई, एनएमडीसी और अन्य जैसे शीर्ष संगठन भी विभिन्न पदों के लिए एमबीए करने वाले अनुभवी पेशेवरों को नियुक्त करते हैं। कई छात्र एमबीए के बाद सरकारी नौकरी करना चाहते हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि उनके लिए कौन सी नौकरियां उपलब्ध हैं। इस ब्लॉग में, हम आपको उन सबसे लोकप्रिय सरकारी नौकरियों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप एमबीए की डिग्री पूरी करने के बाद हासिल कर सकते हैं।

## नौकरियों की यहां कोई कमी नहीं



### सरकारी नौकरियों के लिए अवसर

**प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसर** : एमबीए के बाद केंद्र और राज्य सरकार दोनों के द्वारा कई प्रवेश स्तर की नौकरियां उपलब्ध हैं। इसके लिए किसी वर्क एक्सपीरियंस की आवश्यकता नहीं होती। लेकिन प्रवेश स्तर के पदों के लिए वेतन भी उच्च नहीं होता। अतः उम्मीदवार के लिए वेतन देखने के बजाय पहले नौकरी करना बेहतर है। एक बार जब वे कुछ अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, तो वे बेहतर अवसरों की तलाश कर सकते हैं।



**भत्ते और लाभ** : सरकारी क्षेत्र के उम्मीदवारों को चिकित्सा और मातृत्व सेवाओं जैसे कई लाभ मिलते हैं। सरकारी क्षेत्र इस मामले में निजी क्षेत्र से कहीं बेहतर है।

**करियर विकास** : निजी क्षेत्र की तुलना में सरकारी क्षेत्र में करियर की ग्रोथ अच्छी है। निजी क्षेत्र में काम करने वाला कर्मचारी 15 साल के भीतर सुप्रीटेंडेंट या सीनियर क्लर्क बन सकता है जबकि सरकारी संगठन का कर्मचारी आगे प्रमोशन के द्वारा अन्य ऊंचे पदों पर जा सकता है।

**योग्यता पुरस्कृत** : सरकार उन उम्मीदवारों की तलाश में है, जिनके कौशल, जॉब प्रोफाइल और प्रोजेक्ट्स से मेल खाते हैं। कुछ सरकारी एजेंसियां भी हैं जो अब अपने प्रोजेक्ट्स के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। ऐसे में आप अपनी योग्यता के अनुसार अच्छे अवसरों की तलाश कर सकते हैं।

### एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर

एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर का मुख्य कार्य कार्यक्रम को लागू करना, किसी विशेष कार्यक्रम में कर्मचारियों की गतिविधियों की जांच करना और कार्यक्रम से संबंधित सभी गतिविधियों का मैनेजमेंट करना है। इस प्रोफाइल के लिए डिग्री में योग्यता के आधार पर किया जाता है। कुछ संगठन हैं जो चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। एडिशनल प्रोग्राम ऑफिसर्स यूपीएससी, एसएससी परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के अंकों के आधार पर नियुक्त किए जाते हैं। इनका वार्षिक वेतन 8 से 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष है।

### मार्केटिंग ऑफिसर

मार्केटिंग ऑफिसर सभी बैंक या संबंधित आर्गेनाइजेशन उत्पादों के लिए स्ट्रेटजी बनाते हैं। एक मार्केटिंग ऑफिसर के कुछ प्रमुख कार्य प्रोडक्ट का प्रचार करना, सोशल मीडिया का मैनेजमेंट करना, एक विज्ञापन एजेंसी के साथ कोऑर्डिनेट करना और मार्केटिंग कैंपेन का मैनेजमेंट करना है। जिन उम्मीदवारों ने एमबीए मार्केटिंग, पीजीडीबीएम, या पीजीडीबीए में एमबीए पूरा कर लिया है, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। मार्केटिंग ऑफिसर का वेतन 8 से 15 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

### बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए

बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए एक स्पेजलाइजेशन फिल्ड है जो छात्रों को विभिन्न एनालिटिकल टूल्स (सांख्यिकीय और मात्रात्मक विश्लेषण, व्याख्यात्मक और प्रीडिक्टिव मॉडलिंग, डेटा विजुअलाइजेशन, आदि) का उपयोग करने के तरीके सीखाता है ताकि कई स्रोतों से डेटा एकत्र किया जा सके। ताकि कस्टमर बिहेवियर, मार्केट ट्रेंड और बिजनेस इंटेलिजेंस से संबंधित अन्य मामले में इसका उपयोग कर विश्लेषण किया जा सके। व्यापार में एनालिटिक्स के बढ़ते महत्व के कारण भारत में बिजनेस एनालिटिक्स पेशेवरों का औसत वेतन 11 लाख प्रति वर्ष जबकि फ्रेशर्स लगभग 5 - 8 लाख प्रति वर्ष, अनुभवी पेशेवर 10 - 18 लाख प्रति वर्ष और शीर्ष स्तर के लोग 30 - 55 लाख सालाना तक वेतन पा सकते हैं।

## एमबीए के बाद टॉप सरकारी नौकरियां



कई एमबीए के बाद सरकारी नौकरियां उपलब्ध हैं जहां आप आवेदन कर सकते हैं नीचे एमबीए के बाद कुछ प्रमुख सरकारी नौकरियां दी गई हैं।

**सीईओ** : एक सीईओ, किसी आर्गेनाइजेशन की रीढ़ की हड्डी समान होता है। सीईओ संबंधित आर्गेनाइजेशन प्रोडक्ट्स, ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरहोल्डर्स और कम्पनी के गोल्स के बारे में निर्णय लेता हैं। एक सीईओ बनने के लिए, आपके पास अकाउंटिंग, मैनेजमेंट या अकाउंटेंसी में डिग्री या प्रोफेशनल क्रेडेंशियल होना चाहिए। सीईओ बनने के लिए सालों के एक्सपीरियंस और हार्ड वर्क की आवश्यकता होती है। भारत में एक सीईओ का वेतन 30 से 34 लाख रुपए सालाना है।


**पर्सनल ऑफिसर** : बैंकों को अपनी ह्यूमन रिसोर्स एक्टिविटीज को संभालने के लिए एक पर्सनल ऑफिसर की आवश्यकता होती है। बैंकों में इन ऑफिसर्स के कुछ प्रमुख कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था करना, भत्तों को डिजाइन करना, कर्मचारियों की पोस्टिंग या स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति लाभ वितरण, प्रचार अभ्यास आयोजित करना और कर्मचारियों के प्रदर्शन की निगरानी करना है। उम्मीदवार राष्ट्रीय स्तर पर बैंक में कार्मिक अधिकारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। एसबीआई की अपनी प्रवेश परीक्षा है जबकि बाकी बैंक उम्मीदवारों को उनके आईबीपीएस आरआरबी के आधार पर नियुक्त करते हैं। इनका अनुमानित वार्षिक वेतन 5 लाख से 15 लाख रुपए के बीच होता है।

**बैंक असिस्टेंट ऑफिसर** : बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के कुछ प्रमुख काम किसानों को ऋण सुविधाओं के बारे में सूचित करना, क्रेडिट प्रोफाइल की जांच और लोन रिपेमेंट नीतियों के कार्यान्वयन और प्रचार, और वार्षिक बैलेंस शीट बनाना आदि हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन देश भर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) में असिस्टेंट मैनेजर्स की भर्ती के लिए आईबीपीएस आरआरबी ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा आयोजित करता है। बैंक असिस्टेंट ऑफिसर के रूप में आप सालाना 5 से 10 लाख रुपए कमा सकते हैं। यह एक प्रमुख एमबीए के बाद सरकारी नौकरी है।

**जनरल मैनेजर** : जनरल मैनेजर आर्गेनाइजेशन या कम्पनी के कॉस्ट एलिमेंट्स और रिवेन्यू का ध्यान रखता है। आईबीपीएस, नाबार्ड , आईडीबीआई कुछ प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं हैं। जिसके आधार पर सरकारी संगठनों में जनरल मैनेजर नियुक्त किए जाते हैं। इन परिक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए आपके पास एमबीए की डिग्री होनी आवश्यक है। एक जनरल मैनेजर का वार्षिक वेतन 10 से 15 लाख रुपए के बीच है।

**मैनेजर ट्रेनी** : उम्मीदवार मैनेजर ट्रेनी पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। एक मैनेजर ट्रेनी वह व्यक्ति होता है जिसे सुपरवाइजरी या मैनेजेरियलपदों पर ट्रेनिंग दी जाती है। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना चाहिए। कुछ सरकारी संगठन जो इस पद के लिए उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं, वे हैं फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मिश्र धातु निगम लिमिटेड, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड। एक मैनेजर ट्रेनी का वेतन 15 से 30 हजार प्रति माह हो सकता है।

# नकारात्मकता के माहौल में सकारात्मक रहकर अपने जीवन को दें नई दिशा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का दौर सूचनाओं का युग है। हर दिन हमें समाचारों के माध्यम से शिक्षा, अपराध, पेशेवर जीवन, और युद्ध जैसी नकारात्मक खबरें सुनने को मिलती हैं। ये खबरें न केवल हमारे मन को उदास करती हैं, बल्कि कभी-कभी हमारे सपनों और उत्साह को भी कमजोर कर सकती हैं। लेकिन प्रिय छात्रों, यह समय हार मानने का नहीं, बल्कि सकारात्मकता की रोशनी फैलाने का है। आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। आइए, जानें कि नकारात्मकता के इस माहौल में सकारात्मक कैसे रहा जाए और अपने जीवन को एक नई दिशा दी जाए। समाचार हमें दुनिया की हकीकत से रूबरू कराते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पूरी दुनिया केवल नकारात्मकता से भरी है। हर नकारात्मक खबर के पीछे सकारात्मक बदलाव की संभावना छिपी होती है।

## शिक्षा में चुनौतियों को अवसर के रूप में देखें

उदाहरण के लिए, अगर आप शिक्षा में चुनौतियों की खबर सुनते हैं, तो इसे एक अवसर के रूप में देखें। आप एक ऐसी पढ़ाई या नवाचार ला सकते हैं जो शिक्षा को बेहतर बनाए। अपराध की खबरें आपको समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। सकारात्मक नजरिया अपनाएं और हर समस्या को एक चुनौती के रूप में देखें, जिसका समाधान आप बन सकते हैं।

**अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। नकारात्मक समाचार आपके ध्यान को भटका सकते हैं, लेकिन यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी सबसे बड़ी ताकत है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कलाकार बनना चाहते हों, अपने सपनों को जीवित रखें। हर दिन अपने लक्ष्य की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाएं। जब आप अपने उद्देश्य पर केंद्रित रहते हैं, तो नकारात्मकता आपके मन को कम प्रभावित करती है। अपने माता-पिता को गर्व महसूस कराने के लिए और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए, अपने लक्ष्यों को कभी न भूलें।

**सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताएं** : आपके आसपास के लोग आपके विचारों को बहुत प्रभावित करते हैं। ऐसे दोस्तों और शिक्षकों का साथ चुनें जो आपको प्रेरित करें और सकारात्मकता फैलाएं। अपने परिवार के साथ समय बिताएं और उनकी कहानियों से सीखें। आपके माता-पिता ने भी अपने समय में कई चुनौतियां देखीं। उनकी मेहनत और धम्य से आज आप यहां हैं। उनके अनुभव आपको नई प्रेरणा दे सकते हैं। साथ ही, प्रेरक किताबें पढ़ें और उन लोगों की कहानियां सुनें जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता हासिल की। सकारात्मकता संक्रामक होती है, और यह आपके जीवन को नई ऊर्जा से भर देगी।

**छोटे-छोटे कार्यों से बदलाव की शुरुआत करें** : राष्ट्र का भविष्य आप जैसे युवाओं के हाथों में है। आपको लगता है कि युद्ध, अपराध, या सामाजिक समस्याएं बहुत बड़ी हैं, तो छोटे-छोटे कदमों से शुरुआत करें। अपने स्कूल में एक स्वच्छता अभियान चलाएं, अपने दोस्तों को शिक्षा का महत्व समझाएं, या अपने समुदाय में किसी जरूरतमंद की मदद करें। ये छोटे प्रयास न केवल आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे, बल्कि आपके माता-पिता और समाज के लिए गर्व का कारण बनेंगे।

## शारीरिक सेहत का ख्याल रखें

नकारात्मक खबरें आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए, अपनी सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। रोजाना ध्यान, योग, या व्यायाम करें। सुबह कुछ समय प्रकृति के साथ बिताएं। अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त नींद लें। जब आप शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो आपका मन भी सकारात्मक रहता है। साथ ही, अपने विचारों को कागज पर लिखें। यह आपके मन के बोझ को कम करता है और आपको नई दिशा देता है।

**माता-पिता और राष्ट्र के लिए प्रेरणा बनें** : आपके माता-पिता ने आपके लिए कई सपने देखे हैं। उनकी मेहनत और बलिदान को कभी न भूलें। जब आप सकारात्मक रहते हैं और अपने लक्ष्यों को हासिल करते हैं, तो आप न केवल उनके चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी एक योगदान देते हैं। भारत जैसे देश में, जहां युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है, आप एक सकारात्मक बदलाव का हिस्सा बन सकते हैं। आपकी मेहनत और सकारात्मकता न केवल आपके परिवार, बल्कि पूरे देश को प्रेरित कर सकती है।

**आभार व्यक्त करें** : नकारात्मकता के बीच, हम अक्सर उन चीजों को भूल जाते हैं जो हमारे पास हैं। हर दिन कुछ समय निकालकर उन चीजों के लिए आभार व्यक्त करें जो आपके जीवन में हैं—आपका परिवार, आपके शिक्षक, आपके दोस्त, और आपका देश। आभार का भाव आपके मन को शांति देता है और आपको सकारात्मक बनाए रखता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक I
(बी) राजराजा I
(सी) राजेन्द्र I
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज I
(बी) राजेन्द्र I
(सी) कुलोत्तुंग चोल I

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार तरुण प्रकाश को सस्पेंड किया

**नारनौंद।** तहसीलदार तरुण प्रकाश को सस्पेंड कर दिया गया है। उनकी जगह किसी अन्य तहसीलदार की अभी तक पोस्टिंग नहीं की गई है। नारनौंद में पिछले काफी समय से नियुक्त तहसीलदार तरुण प्रकाश को राजस्व विभाग की कमिश्नर की तरफ से जारी एक पत्र में सस्पेंड करने के आदेश दिए गए हैं। पत्र में इस बात का जिक्र नहीं है कि उन्हें किस मामले में सस्पेंड किया गया है। सस्पेंड दौरान जिला उपायुक्त करनाल के कार्यालय में उनको हाजरी लगानी होगी। वह पिछले काफी समय से नारनौंद में तहसीलदार के पद पर तैनात थे।

### कुछ कोर्सों में शैक्षणिक मेरिट पर होगा दाखिला

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयने कुछ कोर्सों में शैक्षणिक मेरिट के आधार पर दाखिला करने का निर्णय लिया है। अब इन कोर्सों में दाखिले प्रवेश परीक्षा की बजाय शैक्षणिक मेरिट के आधार पर होंगे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इंटेग्रेटिड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इकोनोमिक्स, एमएससी इकोनोमिक्स, एमएससी इनवायर्नमेंट साइंसिज, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी, एमएससी योगा साइंस एंड थेरेपी, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग, एमए मास कम्युनिकेशन, एमए हिंदी तथा मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफोर्मेशन साइंस प्रोग्राम्स में दाखिले क्वालीफाइंग अंकों की शैक्षणिक मेरिट व वेटेज के आधार पर होंगे।

### शराब का ठेका होगा शिफ्ट, हुआ समझौता

**हिसार।** विधायक सावित्री जिंदल ने शराब ठेका हटवाने को लेकर चल रहे धरने प्रदर्शन को देखते शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन मार्केट का दौरा किया। मार्केट एसोसिएशन के अनुसार विधायक जिंदल ने शराब के ठेका स्थल, गुरु गुभेश्वर पुस्तकालय, महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा सहित सभी पहलुओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के पश्चात अग्रसेन मार्केट के शिष्टमंडल को जिंदल हाउस में बुलाया गया। जिंदल हाउस में शराब ठेकेदारों तथा मार्केट एसोसिएशन के शिष्टमंडल की विधायक सावित्री जिंदल की मौजूदगी में बैठक हुई। जहां दोनों पक्षों में समझौता हो गया। शराब ठेकेदारों ने कहा कि वे अलगे सप्ताह यहां से ठेका शिफ्ट कर लेंगे।

### दिव्यांग सेवा शिविर 29 को लगाया जाएगा

**हिसार।** फ्रीमेसन ऑफ हिसार की ओर से यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे मनाते हुए 29 जून को दिव्यांग सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा व दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस शिविर में दिव्यांग बंधुओं को कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीनें, छड़ी व बैसाखी निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी फ्रीमेसन ऑफ हिसार के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता ने दी।

### योग को दैनिक जीवन में शामिल करके रहें स्वस्थ

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी में 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण योग शिविर का समापन दिवस शुक्रवार को हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पुरस्कार व राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र शास्त्री ने दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। योग शिक्षक सुनील ने योग अभ्यास करवाए गए।

### बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन कल

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में 22 जून को संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे चलने वाले इस संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा लेंगे और श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगेंगे। इस अवसर पर श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया जाएगा। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु श्याम दरबार में माथा टेकेंगे।

---

### धमकी देने वालों पर कार्रवाई नहीं होने से जताया रोष

# गिरफ्तारी की मांग को लेकर दलित संगठनों ने किया प्रदर्शन

**दलित समाज की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है पुलिस : रजत कलसन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भाटला गांव के दलित ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुलिस की दलित विरोधी कार्रवाई के विरुद्ध लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया तथा पुलिस व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण के मामले में कानूनी व सामाजिक लड़ाई लड़ने के लिए गठित भाटला दलित संघर्ष समिति के सदस्यों विकास भाटला, सुनील भाटला, जय भगवान भाटला, अजय भाटला, अमिताभ दहिया, सचिन चोपड़ा, राजेश भाटला ने लघु सचिवालय के सामने धरना प्रदर्शन में पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण के लिए गठित टीम के हांसी दौरे के समय सामाजिक बहिष्कार के आरोपियों द्वारा सरेआम हांसी के विश्राम गृह के सामने अनुसूचित जाति से पीड़ित मीर सिंह को धमकी दी कि जिन-जिन लोगों ने टीम के सामने बयान दिए हैं उन सब की गांव में जाकर टांगे काटेंगे, जिस बारे में शहर थाना में एफआईआर दर्ज है, लेकिन पुलिस ने आज तक दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। भाटला दलित संघर्ष समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सामाजिक बहिष्कार के आरोपियों ने विश्रामगृह में ही अधिवक्ता रजत कलसन को जिंदा जलाने की धमकी दी तथा इस बारे में सामाजिक बहिष्कार के पीड़ितों ने शहर थाना में शिकायत दी हुई है, लेकिन पुलिस ने आज तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। इस दौरान अधिवक्ता प्रवेश महिपाल अधिवक्ता दीपक सैनी, अधिवक्ता राहुल चावला, अधिवक्ता नरेश गुणपाल, प्रधान संजय उर्फ हैरी ढुल, लोहारू से जगदीश फरटीया, दादरी से रविप्रकाश, धमेंद्र रंगा, फतेहाबाद से बजरंग खिचड़, परमहंस चोपड़ा, सूरज भाटोल, रविंद्र रंगा, मा. सुनील कलसन, सुशील रशीला, कृष्ण सैनीपुरा मौजदू रहे।



हांसी। लघु सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते दलित संगठनो के सदस्य।

#### फेसबुक अकाउंट बंद करवा दिया

धरने को संबोधित करते हुए अधिवक्ता रजत कलसन ने कहा कि भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण में की अपडेट अपने सोशल मीडिया और फेसबुक पर डालनी शुरू की तो पुलिस ने फेसबुक को कानून नोटिस भेज कर उनका फेसबुक अकाउंट बंद करवा दिया जो कि अभिव्यक्ति प्रकट करने के संवैधानिक अधिकारों पर प्रतिबंध व सेंसरशिप है। इस अवसर पर जय भीम आर्मी के अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन संजय चौहान व हरियाणा के प्रमुख दलित कार्यकर्ता भूषण नुनिया ने भी संबोधित किया।



हांसी। एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपते दलित समुदाय के सदस्य।

---

# सेठ छाजूराम पार्क में किया योग

- सैंकड़ों योगार्थी योग शिविर में हिस्सा ले रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर 1-4 में जारी योग शिविर में सेक्टर निवासी बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। सेक्टरवासियों की मांग पर यह शिविर 11 जून से 15 जून तक चलने वाला यह शिविर अब 30 जून तक चलेगा। सेक्टर 1-4 स्थित सेठ छाजूराम पार्क में प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक चलने वाले इस शिविर प्रतिदिन सैंकड़ों योगार्थी हिस्सा ले रहे हैं। योगाचार्य मन्दीप सिंह ने बताया कि महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं तथा बच्चों उत्साहपूर्वक इस शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का आयोजन सेक्टर 1-4 आरडब्ल्यूए व आयुष विभाग के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजकुमार रेड्डू, बलवंत पूनिया, कश्मीर सिंह, सतीश पूनिया, कैप्टन किशना राम, डॉ. ओंकार सिंह, रघबीर सिंह, महेन्द्र सैनी, राजकिशन शर्मा, भूप सिंह, कमलेश, राजपति, मीना सैनी, मंजू, सीरत, बीरमती, उर्मिल, भूप सिंह, ममता सांगवान ने हिस्सा लिया।



हिसार। योग शिविर में उपस्थित सेक्टरवासी। फोटो : हरिभूमि

# मैसेज भेजकर धोखाधड़ी करने का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मोबाइल फोन पर रुपयों का नकली टेक्स्ट मैसेज भेजकर 1 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लूहिंगा कलां नूंह निवासी साजिद उर्फ बिल्ला के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि साइबर थाना में वर्ष 2024 में हलवाइयों वाली गली के समीप चेता मौहल्ला निवासी दयानन्द ने बताया कि 6 जून को मेरी पत्नी सीमा रानी के मोबाइल नम्बर पर किसी अनजान व्यक्ति का मोबाइल नम्बर से फोन आया कि मुझे आपके पति के 5 हजार रुपये देने हैं। लेकिन गलती से मैंने 5 की जगह 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। और उसके बाद उसने मेरी पत्नी के मोबाइल पर एक टेक्स्ट मैसेज भेज दिया। और उसके बाद उस व्यक्ति ने मेरी पत्नी के पास फोन किया कि मैने 5 हजार रुपये की जगह आपको 50 हजार रुपये भेज दिये हैं। आप मेरे 45 हजार रुपये वापिस कर दो। इस पर मेरी पत्नी ने पंजाब नेशनल बैंक के अपने खाता में से उक्त व्यक्ति को एनएसडीएल पेमेंट बैंक लिमिटेड के खातों में से 1 लाख 30 हजार रुपये डलवा लिए। फिर मेरी पत्नी ने मुझे बताया कि उसके साथ फ्राड हो गया। थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने आरोपी को पकड़ा।

### आभूषण और सामान चोरी का आरोपी काबू

**हिसार।** अनाज मंडी चौकी पुलिस ने चोरी के एक मामले में सिरसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। मामले की जांच कर रहे एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि सेक्टर 14 निवासी सुरेंद्र कुमार ने शिकायत दी थी कि गत 13 जून को जब वह अपने घर पहुंचे तो मकान का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि घर से सोने-चांदी के आभूषण, कीमती घड़ियां, एक कैमरा और नकदी चोरी हो चुकी थी। शिकायत के आधार पर शहर थाना में के दर्ज करके जांच करते हुए पुलिस ने तकनीकी और गुप्त सूत्रों के आधार पर आरोपी सोनू को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ जारी है।

---

# राघव ज्वेलर्स से दो करोड़ रंगादारी मांगने की घटना से व्यापारी दहशत में : गर्ग

- व्यापारी बोले- हरियाणा में हर रोज हो रही फिरौती, लूटपाट, हत्या, मंथली की वारदातें

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग ने कहा है कि शहर के खजांचियान बाजार स्थित राघव ज्वैलर्स पर पर्ची फेंककर दो करोड़ की रंगदारी मांगे जाने की घटना से प्रदेशभर के व्यापारियों में भय का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में इस तरह की वारदातें आए दिन हो रही है लेकिन सरकार इन पर रोक लगाने में कामयाब नहीं हो रही।

बजरंग गर्ग शुक्रवार को खजांचियान बाजार स्थित राघव ज्वेलर्स पर अपने साथियों सहित पीड़ित व्यापारी से मिले और घटना की जानकारी ली। उन्होंने यहां पर व्यापारियों की बैठक लेते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा फिरौती, लूटपाट, हत्या, मंथली व चोरियों की वारदातें की जा रही है। हरियाणा में खुलेआम अपराधी जेलों में बैठकर फिरौती व मंथली मांग रहे है। सरकार को अपराधियों का पक्का इलाज करने की जरूरत है। बजरंग गर्ग ने सरकार से मांग की है कि व्यापारी व आम जनता की जानमाल की सुरक्षा का पुख्ता से पुख्ता प्रबंध करें।



हिसार। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग पीड़ित व्यापारी से मिलते हुए।

### हड़ताल की तैयारी के लिए बैठक हुई

**नारनौंद।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की कन्वेंशन सब यूनिट प्रधान रामदिया शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी के लिए बिजली बोर्ड में हुई। कन्वेंशन का संचालन सत्यवान रंगा सब यूनिट सचिव ने किया।

कन्वेंशन को मुख्य वक्ता चैयरमेन देवेंद्र सिंह हुड्डा व राज्य प्रधान सुरेश राठी ने सयुंक्त रूप से संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने सत्ता से पहले बहुत बड़े-बड़े वादे किए थे।लेकिन सरकार ने पिछले 11 साल में एक भी मांग पूरी नहीं की है। आज सभी वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी व्यापारी, छात्र आन्दोलनरत हैं।

# डांस प्रतियोगिता में हांसी व आसपास के प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

- विधायक विनोद भयाना ने कि बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

राष्ट्रीय डांस प्रतियोगिता कल के कलाकार आयोजित हुई जिसमें हांसी व आसपास से अनेक प्रतिभागी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि रहे। कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी से पवन कौशिक ने बताया कि नृत्य के क्षेत्र में अपने हुनर को आजमाने व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने को समर्पित कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी व चाणक्य कला मंच ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता कल के कलाकार का आयोजन किया है।

हरेंद्र यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विधायक विनोद भयाना ने सभी प्रतिभागियों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर किसी बच्चे को मंच मिलना चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो,उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता कल के कलाकार सीजन 2 हरियाणा की पहली सबसे बड़ी नृत्य प्रतियोगिता है।







हांसी। प्रतियोगिता में नृत्य की प्रस्तुति देते बच्चे।

---

# सीवरेज व पानी की समस्या से तंग लोगों ने लगाया जाम

- जेई के आश्वासन के बाद जगदीश कॉलोनी वासियों ने जाम खोला

हरिभूमि न्यूज ⏩ हांसी

वार्ड नंबर 12 स्थित जगदीश कॉलोनी के लोगों सीवरेज और पीने के पानी की समस्या को लेकर शुक्रवार दोपहर बरवाला बाईपास स्थित झंडेवालान मंदिर के समीप सड़क पर अवरोध डाल कर जान लगा दिया। जाम के दौरान लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। करीब एक घंटे रहे सड़क जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। गर्मी के इस मौसम में जाम के दौरान वाहन चालकों तथा राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

विरोध प्रदर्शन में वार्ड पार्षद ज्योति कामरा ने जनस्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके वार्ड के क्षेत्रवासी लंबे समय से पानी और सीवर की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग बार बार शिकायत किए जाने के बाद भी आंखें मूंदे बैठा है। जाम के दौरान पार्षद कामरा ने विभाग के अधिकारियों पर फोन भी न उठाने का आरोप लगाया। बरवाला रोड़ पर जाम लगाए जाने की सूचना मिलने पर अनाज मंडी चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और



हांसी। बरवाला बाईपास पर जाम लगाते क्षेत्रवासी।

### हरिद्वार घूमने गया था परिवार, सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना

**हांसी।** हिसार चुंगी के निकट बरवाला रोड स्थित रूप नगर कॉलोनी में शुक्रवार को चोरों ने एक बंद आवास को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। खास बात यह रही कि जिस स्थान पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया उसके थोड़ी दूरी पर विधायक विनोद भ्याना का आवास है। इससे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान मालिक प्रदीप अरोड़ा अपने परिवार सहित गर्मियों की छुट्टी के चलते हरिद्वार यात्रा पर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के गेट पर लगे ताले को तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और घर की सभी अलमारियों व कमरों को खंगाल डाला। पूरे घर का सामान बिखरा मिला, लेकिन घर में लगे टीवी या अन्य सामान को छोड़कर चोर केवल घर में रखी नकदी और सोने-चांदी के आभूषण ही ले गए। आस-पास के लोगों ने सुबह घर के गेट पर व अंदर लगे टूटे हुए ताले और घर के अंदर के अस्त-व्यस्त हालत देखकर इसकी सूचना प्रदीप अरोड़ा को दी, जो सूचना मिलते ही हरिद्वार से लौट रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रदीप अरोड़ा का बड़सी गेट के बाहर परचून का व्यवसाय है। वहीं चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस द्वारा चोरों का पता लगाने के लिए कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांच रही है। खबर लिखे जाने तक घर से चोरी हुए सामान की सही कीमत का अंदाजा नहीं लग पाया था।

# अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने बुजुर्गों को हवाई सेवा से अयोध्या भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

अग्रसेन भवन ट्रस्ट की ओर से मुफ्त हवाई सेवा द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजे जाने की कड़ी में चौथी बार आठ बुजुर्गों को भेजा गया। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों में बलवंत राय, मनु गोयल, धर्मबीर, सावित्री देवी, अंगूरी देवी, रामप्रकाश भटेजा, चंद्रभान गांधी, सरोज शामिल है। इससे पहले तीन बार में 23 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा गया था।

ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि सुबह सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहन द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया। उन्होंने सभी यात्रियों को वाहनों में बिठाकर झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ ट्रस्ट के उपप्रधान प्यारेलाल लाहौरिया, कोषाध्यक्ष रामनिवास कोहलीवाला व समाजसेवी एनके गोयल भी थे।



हिसार। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों को हवाई टिकटें प्रदान करते अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला।

---

### सिसाय पुल से गणेश कॉलोनी व समाधा रोड पर पुलिस का मार्च

# एसपी ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा का जायजा

- एसपी अमित यशवर्धन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन शुक्रवार शाम को शहर थाना क्षेत्र के सिसाय पुल से गणेश कॉलोनी व समाधा रोड़ पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का बारीकी से निरीक्षण किया। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक यशवर्धन ने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से सीधा संवाद किया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके सुझाव भी आमंत्रित किए।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। पुलिस जनता की मित्र है और हमारा निरंतर प्रयास है कि अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ आमजन का पुलिस पर विश्वास भी सुदृढ़ हो।

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।



हांसी। समाधा रोड़ पर पैदल गश्त करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन व पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# युवा पीढ़ी और नौनिहालों को सही दिशा देने की जरूरत : सत्यम आर्य

- गुरुकुल कुम्भाखेड़ा में चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

आर्य वीर दल के व्यायाम शिक्षक आचार्य सत्यम्-आर्य ने कहा कि युवा पीढ़ी एवं अपने नौनिहालों को सही दिशा देने की जरूरत है। बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना बचपन से भरने की आवश्यकता है। आर्यसमाज तथा उसका युवा संगठन आर्य वीर दल यह कार्य बखूबी कर रहा है । वे गुरुकुल कुम्भाखेड़ा में आयोजित व्यायाम प्रशिक्षक एवं चरित्र निर्माण शिविर में भाग ले रहे शिविरार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आर्यवीरों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। नियमित रूप से संध्या, उपासना तथा स्वाध्याय की आदत डाल कर संस्कारवान बनना होगा। तभी समाज तथा देश मजबूत बनेगा और सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर आर्य वीर दल जीन्द के मन्त्री यज्ञवीर आर्य ने महर्षि दयानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानन्द ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश में आमूलचूल परिवर्तन के लिए समाज सुधार की नींव रखी। शिविर में आर्य वीरों को व्यायाम शिक्षक सत्यम आर्य, पवित्र और बादल ने अभ्यास कराया।



हिसार। गुरुकुल कुंभाखेड़ा में आयोजित शिविर में अभ्यास करते शिविरार्थी।

## खबर संक्षेप

### योगा एवं मेडिटेशन का सत्र 22 को होगा

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 22 जून को योगा एवं मेडिटेशन सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से प्रातः 12 बजे तक चलने वाले ध्यान सत्र के दौरान सतगुरु ओशो द्वारा बताए गए योग के मार्ग से साक्षात्कार करवाते हुए ध्यान की विधियों को साझा किया जाएगा। इस अवसर पर मां सांची ध्यान का अभ्यास भी करवाएंगी। योगा व मेडिटेशन सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि ओशो ने योगा पर विस्तृत व्याख्यान दिए हैं। उन्होंने योगा को आंतरिक यात्रा से जोड़ा है।

### भाविप की आदमपुर शाखा का योग शिविर संपन्न

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद की आदमपुर शाखा द्वारा आयोजित योग शिविर के तीसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि बारिश व खराब मौसम के बावजूद नागरिकों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भी शिविर में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के सह जिला सेवा प्रमुख एवं जिला टोली सदस्य शिव कुमार गर्ग व रमाकांत ने

## पीड़िता बोली, मिठाई लेने के बहाने बुलाया था दुकान

# भाजपा नेताओं पर दुष्कर्म का आरोप

### विधायक ने कहा, परिवार को बदनाम करने की साज़िश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस ने भाजपा के दो विधायकों पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि मामला 6 वर्ष 2019 चुनाव का है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि चुनावी सभा के दौरान जगदीश भाटिया ने उसे मिठाई लेने के बहाने अपनी दुकान पर बुलाया जहां महेंद्र भयान पहले से मौजूद था और जब वह दुकान के अंदर गई तो दोनों ने उसे पकड़ लिया और दुकान के अंदर ले गए तथा उसका दबाकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

वहीं इस हाई-प्रोफाइल मामले के सामने आने के बाद हांसी की राजनीति में हलचल मच गई है। पीड़िता ने बताया कि जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकियां दी।

तथा पुलिस में शिकायत करने पर उसके बेटे को उठा लेने और जान से मारने की थमकी दी गई और मामले को दबाए रखने के लिए कई रसूखदार लोगों से उसे फोन कराए गए। फिलहाल, पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर पीड़िता का नागरिक अस्पताल मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।



#### परिवार को बदनाम करने की साज़िश

विधायक विनोद भयाना ने इन आरोपों को निराधार व बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह उनके परिवार को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि यह सारा मामला झूठा है। अगर यह महिला इतनी सच्ची थी तो घटना के इतने समय बीत जाने पर ये अभी तक चुप क्यों रही। जरुर यह किसी की साजिश है और वह पुलिस जांच में सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस वक्त की यह घटना बताई जा रही है उस वक्त उसके भाई की उम्र 62 वर्ष थी और वे हृदय रोगी होने के चलते उनके हृदय में दो स्टंट डले हुए थे। विधायक ने बताया कि आरोप लगाने वाली महिला आज तक भी इस मामले में शिकायत लेकर उनके पास नहीं आई। महिला का चाल चलन ठीक नहीं है। मैंने मेरे भाई से इस बारे में बात की है, जिस पर उन्होंने बताया कि ऐसा कोई मामला नहीं है।

#### मामले की गंभीरता से कर रहे हैं जांच

इस संदर्भ में पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार मामला दर्ज कर मामले की गंभीरता जांच शुरू कर दी है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया पीड़िता द्वारा अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की गई है।

#### दो बार पहले भी ले चुकी पैसे

विधायक ने आरोप लगाया कि इस महिला ने पहले भी दो बार रुपये लेकर कोर्ट में अपने बयान बदल दिए थे और उसके सबूत हमारे पास है। कोर्ट में बयान बदलना दर्शाता है कि दाल में कुछ काला जरूर है। वहीं भाजपा नेता जगदीश भाटिया ने कहा कि उनकी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो शट्टर की दुकान है और दुकान के साथ अस्पताल व अन्य कई दुकानें हैं। उन्होंने कहा कि मेरा राजनैतिक कैरियर खुली किताब है। यह सारा मामला उन्हें बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि उन पर आरोप लगाने वाली महिला के बारे में पुरा शहर जानता है।

## नगर निगम के 15 करोड़ के विकास कार्य जल्द होंगे शुरूः मेयर

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। पिछले दिनों नगर निगम के 6 करोड 15 लाख के कार्यों को प्रशासनिक मंजूरी दी गई थी। शुक्रवार को 8 करोड़ 42 लाख 43 हजार रुपये के विकास कार्यो ओर मंजूरी दी गई है। इस प्रकार शहर के सभी वार्ड में लगभग 15 करोड के कार्य जल्द ही शुरू होंगे। इससे सड़कों निर्माण कार्य के साथ-साथ रिपेयरिंग और मास्टिक के कार्य और बाउंड्री वॉल के कार्य शामिल है। उन्होंने बताया कि शहर चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। मेयर ने कहा कि सभी वार्डो में समान रूप से विकास कार्य होंगे। मेयर ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की सोच पर कार्य कर रही है। एक्सईएन जयवीर डूडी ने बताया कि 8 करोड़ 42 लाख 43 हजार रुपये के 22 कार्यों की निगमायुक्त नीरज द्वारा प्रशासनिक मंजूरी दी गई है।



### लोकहित मंच का 7वां दिव्यांग जांच एवं चयन कैंप 13 जुलाई को

**हांसी।** सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा आगामी 13 जुलाई को चौपटा बाजार स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर प्रांगण में 7वां दिव्यांग जांच एवं चयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका निर्णय संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया की अध्यक्षता मे आयोजित संस्था की बैठक मे लिया गया। संस्था के महासचिव मनमोहन तायल ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकहित मंच द्वारा आयोजित इस शिविर मे डाक्टरों की टीम द्वारा जरूरत मंद दिव्यांग जनों के कृत्रिम अंग हाथ/पैर, कैलिपर, वैशाखी का नाप लिया जायेगा एवं व्हील चेयर व ट्राईसाईकिल के लिए चयन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुनील दुहन, मनोज जैन एडवोकेट, नरेन्द्र भयाणा भाईजी होटल और कपिल बंसल को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी जरूरतमंद दिव्यांगजन या उनके परिजन संस्था द्वारा निर्धारित स्थानों श्री काली देवी रोड पर रतेरिया प्लाईवुड एवं राधास्वामी ट्रैडिंग कम्पनी, जींद रोड स्थित बजरंग प्रोविजनल स्टोर, तोशाम रोड स्थित राजकोट इंजिनियर वर्क्स, यति नगर मे मनोज जैन एडवोकेट के कार्यालय पर व बड़सी गेट बाहर किरण ट्रेडिंग कम्पनी पर 10 जुलाई तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।




# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेषांक

**योगः** योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर और आत्मा (ध्यान) को एकरूप करना ही रिक्तता से जोड़ने का एक तरीका है योग। योग समझने से ज्यादा करने की विधि है। योग साधने से पहले योग के बारे में जानना बहुत जरुरी है। योग के कई सारे अंग और प्रकार होते हैं, जिनके जरिए हमें ध्यान, समाधि और मोक्ष तक पहुंचना होता है। 'योग' शब्द तथा इसकी प्रक्रिया और धारणा हिन्दू धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म में ध्यान प्रक्रिया से सम्बन्धित है। योग शब्द भारत से बौद्ध पन्थ के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्रीलंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत में लोग इससे परिचित हैं। सिद्धि के बाद पहली बार 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक एक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है।













